# डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग दंपति से मांगे 60 लाख

**जबलपुर , 18 मार्च. साइबर ठगों ने एक बुजुर्ग दंपत्ति को डिजिटल अरेस्ट कर 60 लाख रुपये हड़पने की बड़ी साजिश रची. ठग ने ईडी, सीबीआई अधिकारी बनकर 4 दिनों तक पति-पत्नी को कैद रखा. टेरर फंडिंग, फर्जी ट्रांजेक्शन किए जाने का डर दिखाया. हालांकि गढ़ा पुलिस और बैंक प्रबंधन की सतर्कता से साजिश नाकाम हो गई. कार्रवाई से हाथीताल निवासी पीड़ित परिवार ठगी का शिकार होने से बच गया और पीड़ित परिवार को ठगी के इस जाल से सुरक्षित बाहर निकाल लिया.**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 13 मार्च को हाथीताल कॉलोनी निवासी सुब्रत सेन (70) और उनकी पत्नी श्रीमती मीना सेन (68) को अज्ञात ठगों ने मोबाइल पर संपर्क किया. आरोपियों ने खुद को पुलिस और सीबीआई सीबीआई जैसी कानून प्रवर्तन एजेंसियों का बड़े अधिकारी बताते हुए दंपत्ति को गंभीर कानूनी मामले में फंसने का डर दिखाया. ठगों ने दंपत्ति को डराया कि उनके द्वारा टेरर फंडिंग की गई है जिसके फर्जी ट्रांजेक्शन दिखाकर डर दिखाते हुए दबाव बनाकर उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर लिया.



### तकनीकी कारणों से बची राशि

भयभीत बुजुर्ग दंपति से ठगों ने 60 लाख रुपये की मांग की. डर के मारे दंपत्ति ने 55 लाख रुपये ट्रांसफर करने का प्रयास भी किया, लेकिन सौभाग्य से तकनीकी कारणों से राशि खाते में वापस आ गई. हालांकि, ठगों का दबाव कम नहीं हुआ और वे लगातार पीछा करते रहे.

दंपत्ति को वीडियो कॉल के जरिए लगातार अपनी निगरानी में रखा और उन्हें किसी से भी बात करने या घर से बाहर निकलने पर जेल भेजने की धमकी दी.

**सीडीआर-लोकेशन ट्रेस कर रही पुलिस:** मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी संपत उपाध्याय ने तत्काल जांच के आदेश दिए हैं. गढ़ा पुलिस ने संबंधित मोबाइल नंबरों की सीडीआर और लोकेशन ट्रेसिंग शुरू कर दी है. आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए साइबर सेल की विशेष टीम को लगाया

### जमीन दिलाने के नाम पर 10.82 लाख की धोखाधड़ी

माढ़ोताल थाना क्षेत्र में एक युवक को सस्ती जमीन और भारी मुनाफे का लालच देकर जालसाज ने 10 लाख 82 हजार रुपये ऐंठ लिए. शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के मुताबिक अभय सिंह मेश्राम पिता स्व. आशीष मेश्राम (28) निवासी समदड़िया आदर्श, चेरीताल की वर्ष 2018 में उनके मामा के मकान निर्माण के दौरान उनकी मुलाकात लमती, विजयनगर निवासी बबी सिंह से हुई थी. जान-पहचान होने के कारण अभय उस पर भरोसा करने लगा था. मई 2022 में बबी सिंह ने अभय को बताया कि तहसील पाटन के ग्राम बेनीखेड़ा में 1 एकड़ भूमि सस्ते दर पर मिल रही है. आरोपी ने झांसा दिया कि यदि वे इसमें निवेश करते हैं, तो प्लॉटिंग के जरिए बड़ा मुनाफा कमा सकते हैं. अभय ने अपनी एफडी से मिले पैसों में से 20 लाख रुपये निवेश करने की बात कही. बबी सिंह ने विश्वास जीतने के लिए जमीन का नक्शा, लेआउट प्लान और खसरा-खतौनी के दस्तावेज भी दिखाए.

### बैंक में पुलिस की एंट्री और रेस्क्यू

मंगलवार को जब दंपत्ति पुन: एसबीआई शाखा मेडिकल पहुंचे और घबराहट में 55 लाख रुपये ट्रांसफर करने की कोशिश करने लगे, तब बैंक स्टाफ को संदेह हुआ. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गढ़ा प्रसन्न शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने दंपत्ति को बैंक से सीधे थाने लाया और उन्हें शांत कराकर साइबर ठगी के इस नए तरीके के बारे में विस्तार से समझाया. तब जाकर दंपत्ति को समझ आया कि वे किसी कानूनी कार्रवाई नहीं, बल्कि शातिर अपराधियों के जाल में फंसे थे.

# 33 लाख का घोटाला, बैंक अफसरों पर केस

**ईओडब्ल्यू का एक्शन**
**फर्जी कागजों से लोन लेने वाला गिरोह बेनकाब**

**एनपीए के बाद खुला राज**
**दंपति से दो अलग-अलग बैंकों में गिरवी रखकर ठगी**

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 18 मार्च. फर्जी दस्तावेजों और गलत वैल्यूएशन के जरिए 33 लाख रुपए का बैंक लोन लेने का बड़ा घोटाला सामने आया है. एक ही संपत्ति को दो अलग-अलग बैंकों में गिरवी रखकर किए गए इस फर्जीवाड़े का खुलासा एनपीए घोषित होने के बाद हुआ. मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने सख्त कार्रवाई करते हुए बैंक अधिकारियों सहित सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर गिरोह का पर्दाफाश किया है.**

फर्जी संपत्ति दस्तावेजों के आधार पर केनरा बैंक से 33 लाख रुपए का लोन हासिल करने के मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने बड़ा खुलासा करते हुए बैंक अधिकारियों सहित सात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. जांच में सामने आया कि पहले से ही दूसरे बैंक में गिरवी रखी संपत्ति को दोबारा कूटरचित दस्तावेजों के जरिए बंधक बनाकर यह धोखाधड़ी की गई. ईओडब्ल्यू को केनरा बैंक के डिप्टी जनरल मैनेजर आनंद टोटड द्वारा शिकायत दी गई थी, जिसमें बताया गया कि मेसर्स अबु रोड लाइन्स के संचालक करामत खान और अन्य ने वर्ष 2017 में सिंडीकेट बैंक (वर्तमान केनरा बैंक) नंदा नगर शाखा से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 33 लाख रुपए का ऋण लिया था. ईओडब्ल्यू जांच में बैंक अधिकारियों द्वारा के व्हाय सी और ड्यू डिलिजेंस प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं. पैनल एडवोकेट और मूल्यांकनकर्ता द्वारा भी गलत रिपोर्ट देकर लोन स्वीकृति में अहम भूमिका निभाई गई. प्रकरण में करामत खान (प्रोपराइटर मेसर्स अबु रोड लाइन्स), मोहम्मद रफीक, तत्कालीन ब्रांच मैनेजर जतिन गुप्ता, क्रेडिट मैनेजर कमलेश दरवानी, मूल्यांकनकर्ता इंजीनियर सुनील जैन सहित जावेद खान और मोहम्मद इरफान खान के खिलाफ केस दर्ज किया है.

### पहले से गिरवी थी संपत्ति, फिर भी मिल गया लोन...

जब लोन की अदायगी नहीं हुई तो 30 दिसंबर 2019 को खाते को एनपीए घोषित कर दिया. सरफेसी कार्रवाई के दौरान खुलासा हुआ कि संबंधित संपत्ति पहले से ही इंडियन बैंक में गिरवी थी और वर्ष 2021 में उसकी नीलामी भी हो चुकी थी.

## एक नजर में



### तहसीलदार को सुप्रीम कोर्ट से झटका, याचिका खारिज

**ग्वालियर.** श्योपुर जिले की विजयपुर तहसील में पदस्थ तहसीलदार अमिता सिंह तोमर को बाढ़ राहत घोटाले के मामले में बड़ा झटका लगा है. वर्ष 2021 की भीषण बाढ़ के दौरान राहत वितरण में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसी तोमर की अग्रिम जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है. श्योपुर में आई बाढ़ के बाद राहत सामग्री और मुआवजे के वितरण में गड़बड़ी की शिकायतें सामने आई थीं. जांच के बाद बड़ौदा थाना पुलिस ने इस मामले में तोमर के खिलाफ भ्रष्टाचार का प्रकरण दर्ज किया था. इस मामले में हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने पर तोमर ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल की थी. कोर्ट नंबर 13 में हुई सुनवाई के दौरान जजों की पीठ ने स्पष्ट किया कि मामले में अग्रिम जमानत देने के लिए पर्याप्त आधार नहीं हैं और याचिका को खारिज कर दिया.



### होटल और रेस्टोरेंट से 22 रसोई गैस सिलेंडर जब्त

**जबलपुर.** रसोई गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण एवं दुरूपयोग को रोकने के कलेक्?टर राघवेन्?द्र सिंह के निर्देशानुसार राजस्?व, पुलिस एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को होटल एवं रेस्?टोरेंट का आकस्?मिक निरीक्षण कर 22 गैस सिलेंडर जब्?त किये हैं. कलेक्?टर कार्यालय से प्राप्?त जानकारी के अनुसार राजस्?व, पुलिस एवं खाद्य विभाग की टीमों ने मंगलवार को पाटन में जैन होटल से तीन घरेलू रसोई सिलेंडरों को व्?यावसायिक इस्?तेमाल पाये जाने पर जब्?त किया है. इसी प्रकार रांझी तहसील के अंतर्गत कार्यपालिक दंडाधिकारी मौसमी केवट के नेतृत्?व में की गई कार्यवाही में लकी किचि?न फ्लेवर से अवैध रूप से भंडारित आठ घरेलू एवं पांच कमर्शियल गैस सिलेंडर तथा इंदिरा मार्केट स्थित श्री कृष्?ण वेज थाली रेस्?टोरेंट से छह घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों को व्?यावसायिक इस्?तेमाल करते पाये जाने पर जब्?त किया गया हैं.

### हरियाणा और नागपुर से तीन ठगों को उठा लाई पुलिस

**जबलपुर.** शेयर बाजार में निवेश पर 500 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर शहर की एक महिला से 2 करोड़ 27 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने हरियाणा के पानीपत से दो और नागपुर जेल से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिन्हें शहर लाने के बाद पूछताछ की जा रही है, जिसमें ठगी नेटवर्क से जुड़े नए खुलासे होने की उम्मीद है. विदित हो कि साइबर ठगों ने शहर में महिला को अपने जाल में फंसाने के लिए लुभावने वादे किए थे. आरोपियों ने दावा किया था कि शेयर बाजार में निवेश करने पर प्रतिदिन 5 का रिटर्न और दीर्घकालिक निवेश पर 500 प्रतिशत तक का मुनाफा मिलेगा. इसके साथ ही, शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन के बहाने और सस्ते दर पर बल्क ट्रेडिंग में शेयर दिलाने का झांसा देकर महिला से किश्तों में कुल 2.27 करोड़ रुपये ऐंठ लिए गए. धोखाधड़ी का अहसास होने पर पीड़िता ने क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर क्राइम ब्रांच ने प्रकरण दर्ज किया था. एएसपी क्राइम ब्रांच जितेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन और उप पुलिस अधीक्षक आइबर अंजुल अयंक मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम की गई. तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हरियाणा के पानीपत में दबिश दी और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपियों ने कुबूला कि वे फर्जी कंपनियां बनाकर उनके नाम से करेंट अकाउंट खुलवाते थे.

# मोहगांव में कृषि अनुसंधान केंद्र की मांग

## पूर्व मंत्री मोहोड़ ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से की भेंट

**सौसर, 18 मार्च. क्षेत्र के विकास और किसानों की समस्याओं को लेकर पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की. इस दौरान उन्होंने पांढुरना जिले के मोहगांव में कृषि अनुसंधान केंद्र की स्थापना मांग की ओर ध्यानाकर्षण कराया और फसल बीमा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की.**



भेंट के दौरान नानाभाऊ मोहोड़ ने केंद्रीय मंत्री का ध्यान मोहगांव जिला पांढुरना की ओर आकर्षित करते हुए वहां कृषि अनुसंधान केंद्र की स्थापना के क्रियान्वयन में तेजी लाने का आग्रह किया. उन्होंने बताया कि इस केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के किसानों को आधुनिक तकनीक और उन्नत बीजों का लाभ मिल सकेगा, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी.

### स्वामी रामभद्राचार्य की कथा के लिए आमंत्रण

राजनीतिक और क्षेत्रीय विषयों के साथ-साथ मोहोड़ ने आध्यात्मिक आयोजन पर भी चर्चा की. उन्होंने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को आगामी हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित होने वाली जगद्गुरु स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज की संगीतमय श्रीराम कथा में सम्मिलित होने के लिए भावभीना आमंत्रण दिया.

# सीएमएचओ ने किए 7 पैथोलॉजी के रजिस्ट्रेशन आवेदन निरस्त

**सीधी, 18 मार्च. जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम के निरीक्षण के बाद 7 पैथोलॉजी के रजिस्ट्रेशन आवेदन निरस्त कर दिये गये. सीएमएचओ सीधी ने सीधी शहर सहित जिले में मापदंडों के विपरीत संचालित पैथालॉजी एण्ड डायग्नोस्टिक सेंटर का रजिस्ट्रेशन रद्द किया.**




जिले में मनमानी तौर पर पैथालॉजी और डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित करने की होड़ मची हुई है. कई संचालित पैथालॉजी और डायग्नोस्टिक सेंटर में निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीधी डॉ.बबिता खरे द्वारा रजिस्ट्रेशन एवं नवीनीकरण के लिये आये आवेदनों पर कार्रवाई से पूर्व टीम गठित कर इनका निरीक्षण मौके पर कराने का निर्णय लिया गया. निरीक्षण के दौरान 7 पैथालॉथी एण्ड डायग्नोस्टिक सेंटर में कमी मिलने से इनका रजिस्ट्रेशन आवेदन रद्द कर दिया गया है.

# विधायक पाठक की मुश्किलें बढ़ी

**जज से संपर्क करने पर कार्रवाई की मांग को लेकर याचिका दायर**

**जबलपुर, 18 मार्च. कटनी से भाजपा विधायक संजय पाठक द्वारा हाईकोर्ट के एक जज से संपर्क करने की कथित कोशिश का मामला अब मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच तक पहुंच गया है। इस प्रकरण में विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए दायर याचिका पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 26 मार्च को निर्धारित की है।**



यह याचिका कटनी निवासी आशुतोष दीक्षित की ओर से दायर की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि विधायक संजय पाठक ने हाईकोर्ट के जज से संपर्क करने की कोशिश की थी, जो न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास माना जा सकता है। याचिका में यह भी कहा गया है कि पाठक परिवार से जुड़ी खदानों के मामले की सुनवाई जस्टिस विशाल मिश्रा की अदालत में निर्धारित थी.

### नवोदय स्कूल में नहीं मिल रहा ईडब्ल्यूएस आरक्षण का लाभ

**जबलपुर.** जवाहर नवोदय स्कूल में दाखिले के लिए ईडब्ल्यूएस आरक्षण का लाभ नहीं दिये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी. याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने इस संबंध में केंद्र सरकार से निर्देश प्राप्त कर जवाब पेश करने के आदेश जारी किये है. याचिका पर अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद निर्धारित की है. जबलपुर की सिहोरा तहसील निवासी नव्या तिवारी के पिता धीरज तिवारी की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में दाखिले के लिए ईओडब्ल्यू श्रेणी में आवेदन किया था.

# ग्वालियर स्टेशन का नाम बदलने की मांग

- **सांसद भारत सिंह ने रेलमंत्री से संसद में रखी मांग**
- **सभी सांसदों ने मेजों को थपथपा कर किया स्वागत**

**ग्वालियर, 18 मार्च. सांसद भारत सिंह कुशवाह ने संसद में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मांग की है कि ग्वालियर का भव्य रेलवे स्टेशन 500 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है. ग्वालियर की जनता की भावना है कि इसे पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न पं. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से जाना जाए. जैसे ही उन्होंने यह मांग रखी, सभी सांसदों ने मेजें थपथपाकर उनकी मांग का समर्थन किया.**



कुशवाह ने यह भी मांग रखी कि ग्वालियर से दिल्ली एवं ग्वालियर से भोपाल वंदेभारत स्लीपर ट्रेन आरंभ की जा सके, जिससे यात्रियों को और अधिक सुविधा मिल सके. उन्होंने तीसरी मांग रखी कि खजुराहो से सवाई माधौपुर तक रेलवे यातायात बहाल किया जाए. खजुराहो से झांसी,करैरा, शिवपुरी, पोहरी, श्योपुर से सवाई माधौपुर तक रेलवे लाइन को बढ़ा दिया जाए, तो न सिर्फ यात्रियों की रेल सुविधा में इजाफा होगा, बल्कि 450 किलोमीटर क्षेत्र में पर्यटन सर्किल विकसित होगा, जिसमें मध्यप्रदेश के साथ उत्तरप्रदेश एवं राजस्थान में भी पर्यटन का भी विकास होगा.

सांसद कुशवाह ने पत्र के माध्यम से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को अवगत कराया है कि अभी जो पर्यटक पन्न टाइगर रिजर्व, खजुराहो के मंदिर और ओरछा में राम राजा का मंदिर देखकर वापस हो जाते हैं, वो यदि झांसी से सवाईमाधौपुर रेलवे लाइन डाल दी गई तो वे शिवपुरी होते हुए श्योपुर पहुंचेंगे और कूनो माधव टाइगर पार्क में जाकर चीते देखेंगे और सवाई माधौपुर आसानी से पहुंच सकेंगे.

### 32 लाख के चेक और लाखों का सामान चोरी

**जबलपुर.** ओमती थाना अंतर्गत विक्टोरिया अस्पताल के सामने स्थित हितकारिणी मार्केट में एक महिला व्यवसायी की अनुपस्थिति का फायदा उठाते हुए बगल के ही दुकानदार पिता-पुत्र ने दुकान के बाहर रखा कीमती सामान और 32 लाख के चेक पार कर दिए. पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस ने बताया कि पंचशील नगर निवासी सुखप्रीत कौर रैत (36 वर्ष) की हितकारिणी मार्केट में स्पेयर वर्ल्ड नाम से होम अप्लायंसेस की थोक दुकान है, सुखप्रीत 1 फरवरी को व्यापारिक कार्य से दिल्ली गई थीं. 2 फरवरी की रात करीब 8 बजे उनके भाई हरमीत सिंह और कर्मचारियों ने दुकान बढ़ाई थी.

# एयरपोर्ट की करोड़ों की जमीन पर कब्जा

**इंदौर, 18 मार्च. देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की करीब 1.25 लाख वर्गफीट की करोड़ों की जमीन पर कथित कब्जे का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है. जमीन पर प्लॉटिंग का खेल भी किया गया है, जिसके बाद एयरपोर्ट प्रबंधन ने जांच शुरू कर दी है. पूरे मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए सीमांकन, सर्वे और फेंसिंग की तैयारी के साथ सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है.**

एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि पुराने टर्मिनल भवन के सामने स्थित करीब 1.25 लाख वर्गफीट जमीन पर अतिक्रमण किया गया है. द्विवेदी के अनुसार, इस जमीन को पहले कंपाउंड वॉल से घेरा गया था और यह पंचशील नगर से चौरसिया नगर तक फैली हुई थी. उनका दावा है कि बाजार मूल्य के आधार पर इसकी कीमत करोड़ो रुपए हो सकती है.

शिकायत में यह भी कहा गया है कि एक कॉलोनाइजर ने कथित रूप से एयरपोर्ट की जमीन को अपने प्लॉट में शामिल कर बेच दिया या किराये पर दे दिया. एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार, कुछ क्षेत्र सीधे तौर पर एयरपोर्ट की भूमि में आते हैं, जबकि कुछ खाली जमीन पीछे की ओर स्थित है, जिसकी स्थिति स्पष्ट करने के लिए सीमांकन जरूरी है. साथ ही, एयरपोर्ट परिसर की टूटी हुई दीवारों को भी जल्द दुरुस्त किया जाएगा. जमीन विवाद को लेकर शिकायत और प्रबंधन के स्पष्टीकरण के बीच अब नजर सीमांकन और जांच प्रक्रिया पर है.

मामले पर एयरपोर्ट अधिकारी रामस्वरूप यादव ने बताया कि संबंधित जमीन का जल्द सीमांकन कराया जाएगा. उन्होंने कहा कि सीमांकन के बाद एयरपोर्ट की भूमि पर फेंसिंग कर बोर्ड लगाए जाएंगे, ताकि वास्तविक सीमा स्पष्ट हो सके और किसी प्रकार का भ्रम न रहे. शासन को भी इस प्रक्रिया के लिए अवगत कराया जाएगा.



# तीन साल में पूरा होगा 1450 बेड वाले नए भवन का प्रोजेक्ट

**इंदौर , 18 मार्च. एमवाय अस्पताल का विस्तार तेजी से आकार ले रहा है. 773 करोड़ रुपए की लागत से 1450 बिस्तरों वाले नए अत्याधुनिक अस्पताल भवन का निर्माण कार्य गति पकड़ चुका है, जो पूरा होने के बाद प्रदेश का सबसे बड़ा शासकीय अस्पताल होगा. आधुनिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस इस परियोजना को तीन वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा है. इस अस्पताल में शहर सहित प्रदेशभर के मरीजों को उन्नत चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी.**

एमवाय अस्पताल परिसर में प्रस्तावित इस नए अस्पताल की रूपरेखा को लेकर मंगलवार को मेडिकल कॉलेज में बैठक आयोजित की गई. बैठक में परियोजना की प्रगति, लेआउट प्लॉन और निर्माण कार्य की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक के दौरान नई बिल्डिंग के लेआउट प्लॉन का प्रेजेंटेशन दिया गया, जिसमें बताया गया कि अस्पताल की तीन अलग-अलग इमारतें होंगी, जो आपस में कनेक्टेड रहेंगी. यह निर्माण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की गाइडलाइन के अनुरूप किया जा रहा है. इसके अंतर्गत सभी प्रमुख विभागों को एक ही परिसर में समाहित किया जाएगा. परियोजना के तहत 1450 बेड के अस्पताल के साथ 500 बेड का नर्सिंग हॉस्टल, स्टॉफ और मरीजों के परिजनों के लिए पार्किंग, साथ ही एसटीपी और ईटीपी जैसी सुविधाओं का भी निर्माण किया जाएगा.

### जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने साझा किए सुझाव

बैठक में जानकारी दी गई कि परियोजना को तीन वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा है. निर्माण कार्य की नियमित समीक्षा भवन निर्माण निगम और मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा की जा रही है. इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रस्तावित लेआउट पर आवश्यकताएं और सुझाव भी साझा किए. साथ ही परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. मामले में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घंघोरिया ने बताया कि यह अस्पताल प्रदेश का सबसे बड़ा शासकीय स्वास्थ्य केंद्र होगा.

**दो दिवसीय रायपुर प्रवास** | डिप्टी सीएम ने श्रीराम मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

# रीवा-रायपुर हवाई सेवा से बढ़ेगी विकास की रफ्तार : शुक्ल

**भोपाल, 18 मार्च. मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा-रायपुर के बीच शुरू हुई हवाई सेवा से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा होगी.**



दो दिवसीय रायपुर प्रवास के दौरान उन्होंने वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की. इसके बाद वे क्वींस क्लब में विंध्य समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए, जहां उनका स्वागत किया गया.

श्री शुक्ल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सड़क और रेल के साथ हवाई सेवाओं का बेहतर होना आवश्यक है. उन्होंने बताया कि रीवा से दिल्ली और इंदौर के लिए हवाई सेवाएं पहले ही शुरू हो चुकी हैं, जिससे व्यापार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे. साथ ही उन्होंने रीवा से दुर्ग तक ट्रेन सेवा जल्द शुरू करने के प्रयास का आश्वासन दिया.

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह हवाई सेवा केवल दूरी ही नहीं, बल्कि दिलों को भी जोड़ने का कार्य करेगी. विधायक किरण सिंहदेव ने इसे महत्वपूर्ण पहल बताया, जिससे आवागमन आसान हुआ है. कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक के.पी. त्रिपाठी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

### रीवा में खुलेगी नालंदा मॉडल लाइब्रेरी उप मुख्यमंत्री

राजेन्द्र शुक्ल ने रायपुर स्थित नालंदा परिसर लाइब्रेरी का दौरा कर इसकी सराहना की. उन्होंने कहा कि इसी मॉडल पर रीवा में भी आधुनिक लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी, जिससे युवाओं को बेहतर अध्ययन सुविधा मिलेगी. निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाइब्रेरी की व्यवस्था, पुस्तक वितरण प्रणाली और 24म7 अध्ययन सुविधा को सराहा. उन्होंने कहा कि कम शुल्क में उच्च स्तरीय सुविधाएं देना सराहनीय पहल है, जो युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करती है. वहीं ओपी चौधरी ने बताया कि राज्य में राजधानी सहित 42 नालंदा लाइब्रेरी स्थापित की जा रही हैं. इनका संचालन शुल्क और जनसहयोग से किया जा रहा है. यह लाइब्रेरी यूपीएससी और सीजीपीएससी जैसी परीक्षाओं में सफलता दिलाने में मददगार साबित हो रही हैं.

### शिवपुरी में अपहरण के 5 आरोपी गिरफ्तार

**शिवपुरी.** जिले के करैरा थाना क्षेत्र के समोहा डैम से एक युवक का अपहरण करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर अपहृत को सकुशल बरामद कर लिया है, जबकि 6 अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है. एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने बताया कि ग्राम बेरखेड़ा निवासी 22 वर्षीय बृजेश जाटव ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. फरियादी ने बताया था कि उसके परिचित जीतू कोली को समोहा डैम घुमाने के बहाने ले जाया गया था. वहां पहले से घात लगाए बैठे 10-11 बदमाशों ने कट्टे से हवाई फायर कर उसे जबरन एक अर्टिगा कार में डाला और फरार हो गए.